# नहीं ले रहे सबक, सीवरेज की सफाई के लिए बिना संसाधनों के चैंबर में उतार दिया कर्मचारी को



रतलाम | भोपाल में सीवरेज की सफाई के लिए गड्ढे में उतरे सफाई कर्मचारी और एक इंजीनियर की मौत की घटना के बाद भी शहर में इसका सबक नहीं लिया जा रहा है। शुक्रवार को चौड़ावास के पास ब्राह्मणों की गली में सीवरेज लाइन जाम हो गई। इस पर इसे साफ करने के लिए एक कर्मचारी को चैंबर में ही उतार दिया गया। यही नहीं उसके पास संसाधन भी नहीं थे। ऐसे में जान हथेली पर लेकर मजदूर चैंबर की सफाई करता रहा।

दे. भास्कर २२/१/२२

# 140 नए पाजिटिव केस, 96 स्वस्थ हुए

रतलाम। जिले में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों से नए-नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। लगातार बढ़ती संक्रमितों की संख्या ने प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ा दी है। कोरोना से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा सख्ती भी बरती जा रही है, लेकिन कई लोग अभी भी अनदेखी कर रहे हैं। बाजार में कई लोग बिना मास्क के नजर आ रहे हैं, वहीं शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं किया जा रहा है। इससे संक्रमण के तेजी से फैलने का खतरा बढ़ रहा है। शुक्रवार को कोरोना के 140 नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं 96 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 858 है। जिले में अब तक 18835 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17666 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। शासकीय मेडिकल कालेज की लैब से 1271 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।



चांदनी चौक क्षेत्र में मास्क, सैनिटाइजर का वितरण करते हुए क्लब पदाधिकारी। • नईदुनिया

**इस तरह बढ़ रहा कोरोना का ग्राफ**

| तारीख | पाजिटिव केस |
|---|---|
| 21 जनवरी | 140 |
| 20 जनवरी | 150 |
| 19 जनवरी | 141 |
| 18 जनवरी | 118 |
| 17 जनवरी | 108 |
| 16 जनवरी | 101 |
| 15 जनवरी | 101 |
| 14 जनवरी | 098 |



**सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की जानकारी गूगल शीट से उपलब्ध कराएं :** औषधि निरीक्षक अजय ठाकुर ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के आदेश पर समस्त केमिस्ट को सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की जानकारी गूगल शीट से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। केमिस्ट साथी इसमें सहयोग करें। जागरूकता दिखाकर नियमित रूप से सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की जानकारी गूगल शीट से प्रशासन को उपलब्ध कराएं। यह अपील जिला औषधि विक्रेता संघ ने की है। संघ अध्यक्ष जय छजलानी ने बताया कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। इसके तहत सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की जानकारी गूगल शीट पर देना आवश्यक है। समस्त केमिस्ट उक्त जानकारी गूगल शीट में प्रतिदिन आवश्यक रूप से भरे और यदि जानकारी निरंक हो तो जानकारी निरंक की भरें। प्रशासन ने केमिस्ट संस्थान में मास्क लगाकर रखते हुए मरीज या उनके स्वजन के भी मास्क लगे होने पर ही औषधि का विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने की दशा में नियमानुसार कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। इसलिए जिला औषधि विक्रेता संघ ने समस्त केमिस्ट से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का आह्वान किया है। संघ ने आमजन से भी अपील की है कि यदि वह सर्दी, खांसी की दवाई केमिस्ट से ले रहे हैं, तो मरीज का नाम, पता लिखवाने में सहयोग प्रदान करें।

**मास्क व सैनिटाइजर वितरित:** रोटरी क्लब रतलाम प्राइम ने मास्क व सैनिटाइजर का वितरण किया। प्राइम अध्यक्ष नवदीप मूणत ने बताया कि शुक्रवार को चांदनी चौक सब्जी मंडी एरिया में लोगों को मास्क व सैनिटाइजर का वितरण किया गया। आमजन के साथ ग्रामीण अंचल के श्रमिकों, फल, सब्जी विक्रेताओं, आटो व मैजिक चालकों से कोविड-19 के नियमों का कड़ाई से पालन करने का अनुरोध किया गया। अध्यक्ष नवदीप मूणत, सचिव सौरभ चपरोट, पूर्व अध्यक्ष प्रीतेश गादिया, सौरभ छाजेड़, सौरभ नाहर, आशीष कटारिया, दीपक भंसाली, विनीत पीपाड़ा, गौतम मूणत, रौनक मूणत, मनोज सिंगावत आदि उपस्थित रहे।

नईदुनिया २२/१/२२

शाम से रात तक चला पुलिस का डंडा

# शहर में रात को भाटों का वास में चली जेसीबी, भारी पुलिस फोर्स रहा तैनात

**गोली चलाने वाले अकबर घोसी का मकान तोड़ने से की शुरुआत तो बालाजी नमकीन वाले सोहनलाल, सट्टा किंग रतनलाल और उसके पुत्र राजेश खन्नीवाल और पूर्व पार्षद नासिर कुरैशी के भाई एजाज कुरैशी के मकान पर चली जेसीबी**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर को भाटों का वास में शुक्रवार की शाम करीब 5.15 बजे गोलीकांड के बाद मचे हड़कंप से हरकत में आए पुलिस व जिला प्रशासन ने रात होते-होते अपने असली तेवर दिखाते हुए मकानों पर जेसीबी चलवा दी। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने पूरे जिले का फोर्स मुख्यालय पर जमा किया और फिर जिला प्रशासन और नगर निगम के साथ मिलकर गोलीकांड के मुख्य आरोपी अकबर घोसी के मकान को नेस्तानाबूत करने की शुरुआत कर दी। फरियादी सोहनलाल राठौड़, सट्टा किंग रतनलाल खन्नीवाल और उसके बेटे राजेश खन्नीवाल के पुस्तैनी मकान पर जेसीबी का पंजा चल गया। इसके बाद पूर्व पार्षद नासिर कुरैशी के भाई एजाज कुरैशी के मकान पर भी जेसीबी का पंजा चल पड़ा। देर रात तक कार्रवाई जारी थी। इस दौरान भारी पुलिस बल कार्रवाई स्थल पर तैनात रहा।

शुक्रवार शाम करीब सवा पांच बजे भाटों का वास स्थित बालाजी नमकीन पर मौजूद सोहनलाल राठौड़ से रंगदारी करते हुए तीन बदमाशों अकबर घोसी, गोलू साबरी और अफसार ने पैसों की मांग की। आरोपियों ने चार राउंड फायर कर दिए जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को

## एसपी भी पहुंचे

पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी को सूचना मिलने पर वे भी शाम को घटनास्थल भाटों का वास पहुंचे। एसपी तिवारी ने टीआई राजोरिया से मौके पर ही जवाब तलब किया। वारदात स्थल पर ही एसपी ने उन्हें फटकार भी लगाई। साथ ही आरोपियों को त्वरित रूप से गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अकबर घोसी ने इसी बालाजी नमकीन दुकान संचालक को तीन दिन पहले भी हफ्ता वसूली को लेकर धमकाया था। उसके खिलाफ इस मामले में केस भी दर्ज हो चुका था।

## जिले से किया फोर्स तलब

की जेसीबी, कर्मचारी, अधिकारी भाटों का वास और मोमिनपुरा में पहुंच गए। अकबर घोसी के मकान पर जेसीबी का पंजा चला। भाटों का वास पहुंची और बालाजी नमकीन वाले सोहनलाल राठौड़ और पास में रतनलाल खन्नीवाल के मकान को जेसीबी से तोड़ दिया। दुकान किराए से लेकर वहां भी सट्टा चलाने की जानकारी मिलने पर जेसीबी ने उस दुकान के आगे का हिस्सा तोड़ दिया। अमले ने पूर्व पार्षद नासिर कुरैशी के भाई एजाज कुरैशी के घर की तरफ कूच किया। एजाज के घर को खाली करवाकर जेसीबी से आगे का पूरा हिस्सा ही तोड़ डाला।

## अधिकारी रहे मौजूद

## अन्य अपराधियों की भी कुंडली खंगाल रहे

जुएं-सट्टे के कारोबार से जुड़े अन्य अपराधियों की भी कुंडली खंगाली जा रही है। क्षेत्र में करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के नाम सामने आए हैं जिन पर कार्रवाई होना है। समाचार लिखे जाने तक चार मकानों को तोड़ा जा चुका था।

## पूर्व पार्षद के परिवार ने विरोध भी किया

पूर्व पार्षद कुरैशी के भाई एजाज कुरैशी का मकान तोड़ने के लिए जैसे ही अमला पहुंचा तो उनके परिवार की महिलाएं बाहर

## आगे-आगे एसपी अपनी लाठी ले चले

पुलिस कप्तान गौरव तिवारी अपने पुराने अंदाज में दिखाई दिए। एजाज कुरैशी के मकान को तोड़ने के लिए अमले का नेतृत्व किया और आगे-आगे लट्ठ लेकर उसके घर तक पहुंच गए। पुलिस कप्तान के आगे-आगे चलने से पुलिस महकमा पीछे-पीछे दौड़ लगाकर उन तक पहुंचा। पूरी कार्रवाई के दौरान पुलिस कप्तान मौके पर ही हर एक गतिविधि की निगरानी करते रहे।

## जिनके खिलाफ कई केस हैं उन नंबर आएगा

जिन लोगों के खिलाफ़ जुआ,

## तस्वीरों में देखे कार्रवाई







कार्रवाई

## 22 लोगों पर किया जुर्माना, दी चेतावनी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में खुले में गंदगी करने व मास्क नहीं लगाने पर अलग-अलग जुर्माना नगर निगम ने किया है। उपायुक्त विकास सोलंकी ने बताया गंदगी करने वाले 4 व बगैर मास्क के 18 लोगों पर जुर्माना किया गया है। ऐसे लोगों को चेतावनी दी गई है कि अगली बार बगैर मास्क के घर से बाहर नहीं आए।

पत्रिका

पत्रिका 22/1/22

## गंदगी फैलाने वाले चार लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर तस्लीम लोकेंद्र भवन रोड, वसीम, ओमप्रकाश, दीपक शर्मा शक्ति नगर से 500-500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 18 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का स्पाट फाइन वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

नई.

## छह सफाई मित्रों का वेतन काटा

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में संजना-मुकेश, राजेश खांडेगिरी, सुनीता-राजेश, मोहित-गोपाल, बंटी डागर व नितिन कमल बिना सूचना के कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

नईदुनीया 22/1/22

## आज कालिका माता उद्यान में होगा सूर्य नमस्कार

रतलाम। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट रतलाम के तत्वावधान में 22 जनवरी को प्रातः नौ बजे श्री कालिका माता उद्यान में पतंजलि अष्टांग योग सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। इसमें नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी सहित नागरिक कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए सम्मिलित होंगे।

नईदुनीया 22/1/22

**अलर्ट** • जिले में तीसरी लहर में संक्रमण की चौंकाने वाली रफ्तार, 150 से ज्यादा पॉजिटिव मिलने लगे

# रतलाम तक ओमिक्रॉन पहुंचा या नहीं...? इस सवाल का जवाब - अभी दिल्ली में ही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। महज 25 दिन में ही 1186 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि रतलाम में ओमिक्रॉन वैरिएंट है या नहीं...? इसका जवाब रतलाम के अधिकारियों को भी नहीं पता है। क्योंकि, जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सैंपल दिल्ली भेजे थे, लेकिन 28 दिसंबर के बाद भेजे सैंपल की रिपोर्ट, अब तक नहीं मिली है।

कोरोना को लेकर जिले के हालात नाजुक है। संक्रमित का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, राहत है क्योंकि संक्रमित में गंभीर केस ना के बराबर मिल रहे हैं। इधर, 5 दिन में 618 पॉजिटिव सामने आ गए हैं, रोज पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 100 के ऊपर बना हुआ है। पॉजिटिव मरीजों के सैंपल में वैरिएंट जांचने के लिए मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबॉयोलॉजी लैब से सैंपल को दिल्ली भेजा है। जिले में अब तक जीनोम सिक्वेंसिंग की सिर्फ दो लोगों की रिपोर्ट मिली है, इसमें एक व्यक्ति में डेल्टा वैरिएंट सामने आया है, वहीं, दूसरे व्यक्ति की रिपोर्ट में कुछ नहीं मिला था। अन्य रिपोर्ट का इंतजार है।

## चिंता इसलिए... जिले में 25 दिन में 1186 पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं




## सैलाना बीएमओ का प्रभार डॉ. रायकवार को

रतलाम | जिले में रोज तय लक्ष्य के अनुसार कोविड के सैंपल लिए जाने की समीक्षा हो रही है। जिले के सैलाना विकासखंड में कोविड सैंपल की संतोषजनक स्थिति नहीं मिली है। ऐसे में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अनुमोदन पर सैलाना विकासखंड के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार अन्य चिकित्सक डॉ. जितेंद्र रायकवार को दिया है।

## आज 100% सरकारी अमले को बूस्टर डोज की तैयारी

जिले में शनिवार को 100% सरकारी अमले को बूस्टर डोज लगाने की तैयारी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार शाम बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने वहां ज्यादा फोकस करने का कहा है जहां ज्यादा संख्या में कर्मचारी हो। इनमें महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, ग्रामीण विकास शामिल है। कलेक्टर ने कहा कि जनपद पंचायत कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर खासतौर पर विशेष कैंप की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने 15 से 17 साल आयु के वैक्सीनेशन की समीक्षा की। आलोट और पिपलौदा में गेप ज्यादा होने की जानकारी देते हुए संबंधित एसडीएम को शेष बच्चों के वैक्सीनेशन पूरे करने का कहा है। कलेक्टर ने मरीजों को कोविड केयर सेंटर में शिफ्ट करने का कहा। जो होम आइसोलेशन में है, लेकिन, कोविड कमांड सेंटर से फोन जाने पर फोन नहीं उठाते हैं।

## रिकवरी रेट तेजी से कम हो रहा... 93% पर पहुंचा

जिले में रिकवरी रेट तेजी से कम हो रहा है। यह 93% पर पहुंच गया है। जो कि, दिसंबर तक 98% तक बना हुआ था। दूसरी लहर के दौरान जिले का रिकवरी रेट 80% पर आ गया था, जो धीरे-धीरे सुधरा था। वहीं, 2020 में जून और सितंबर में अब तक का सबसे कम रिकवरी रेट 50% रहा था। मई में 350 से ज्यादा पॉजिटिव मिल रहे थे, तब भी रिकवरी रेट 80% से ज्यादा ही बना हुआ था।

## रिपोर्ट नहीं मिली है

*जिनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। दो लोगों की रिपोर्ट मिली थी इसमें ओमिक्रॉन वैरिएंट नहीं था। हम लगातार अपडेट ले रहे हैं।*

**डॉ. गौरव बोरीवाल,**
एपिडेमियोलॉजिस्ट

भास्कर

दै. भास्कर २२/१/२२

## आज बोहरा बाखल में बकाया वसूली शिविर

**रतलाम** | नगर निगम से संबंधित कर व अन्य शुल्क भरने के लिए 22, 24 व 25 जनवरी को बोहरा बाखल में बकाया वसूली शिविर लगेगा। वार्ड 44 व 23 के रहवासी कर जमा कर सकेंगे। शिविरों में संपत्तिकर के 47.21 लाख और जलकर के 10.59 लाख रुपए जमा हो चुके हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया 27 जनवरी को रामगढ़, वार्ड 21 व 45 लिए 28, 29 व 31 जनवरी को लक्कड़पीठा प्याऊ के पास, वार्ड 48 व 49 के लिए 1 से 3 फरवरी तक आर्य समाज मंदिर धानमंडी के पास शिविर लगेगा।

## आज कालिका माता उद्यान में सूर्य नमस्कार

**रतलाम** | आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा 22 जनवरी सुबह 9 बजे बजे श्री कालिका माता उद्यान में पतंजलि अष्टांग योग सूर्य नमस्कार किया जाएगा। नागरिकों के साथ निगम अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। कार्यक्रम कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करते हुए किया जाएगा।

## 6 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

**रतलाम** | बिना अनुमति लिए ड्यूटी से गैर हाजिर रहने वाले वार्ड 29 के 6 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा है। कार्रवाई संजना मुकेश, राजेश खांडेगिरी, सुनीता राजेश, मोहित गोपाल, बंटी डागर, नितिन कमल पर हुई है। आयुक्त सोमनाथ झारिया के सभी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है।

दे. भास्कर २२/१/२२

## वार्ड 29 के 6 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम.** सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में 6 सफाई मित्रों द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक दिन का वेतन कर्मचारियों का काटा है। शुक्रवार रात्रि को सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में संजना-मुकेश, राजेश खांडेगिरी, सुनीता-राजेश, मोहित-गोपाल, बंटी डागर व नितिन कमल बगैर सूचना के काम से नदारत थे, इसके बाद एक दिन का वेतन काट लिया गया।

## कालिका माता उद्यान में आज सूर्य नमस्कार

**रतलाम.** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के द्वारा शनिवार को सुबह 9 बजे श्री कालिका माता उद्यान में पतंजलि इस दौरान अष्टांग योग सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। पत्रिका

पत्रिका २२/१/२२

## 67 हजार की राशि बकाया के रूप में वसूली

**रतलाम** ● अवैध नल विच्छेदन व जल कर की बकाया राशि वसूलने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने झोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है जिसके तहत नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध नल विच्छेदन की कार्रवाई के तहत शक्ति नगर से 5 अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए गए साथ ही विभिन्न वार्डों में जल कर की बकाया वसूली करते हुए 67,675 रु. की राशि वसूली। उक्त कार्रवाई कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव व जितेन्द्र सिसौदिया द्वारा की गई।

स्वदेश २२/१/२२

# कोरोना की बढ़ती रफ्तार : एक बार फिर संक्रमितों ने चौकाया, एक की हुई मौत, 150 नए पॉजिटिव

## 20 दिन में आए 1180 पॉजिटिव

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम



कोरोना की तीसरी लहर के दौरान संक्रमण का दायरा तेजी से फैल रहा है। हर दिन डरावने आंकड़े सामने आ रहे हैं। गुरुवार को कोरोना के 150 नए मरीज सामने आए हैं। संक्रमित एक महिला की मौत हुई है इसलिए लहर में रतलाम जिले में मौत का पहला मामला है।

संक्रमित मरीजों के आंकड़े में उछाल की एक प्रमुख वजह ज्यादा सेंपलिंग होना भी है। इन आंकड़ो के आधार पर यह कह सकते हैं कि जांच कराने वाले संदिग्धों में लगभग हर 13 व्यक्ति पॉजिटिव आ रहा है।

जिला महामारी नियंत्रक डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया कि गुरुवार को आई जांच रिपोर्ट में 150 महिला पुरुष संक्रमित हुए हैं जिनका उपचार आइसोलेशन कर किया जा रहा है। संक्रमित होने वालों में 86 पुरुष, 60 महिला, 3 बालक और 1 बालिका शामिल है। कोरोना वायरस के संक्रमण से जिले में एक महिला की मौत हुई है।

### 2 जनवरी को आए केवल 2 संक्रमित, आज संख्या पहुंची 1180

26 दिसंबर को केवल एक पॉजिटिव था। नए साल के दूसरे दिन दो संक्रमित आए थे, आज संख्या 1080 हो गई है। संक्रमित होने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है बावजूद इसके कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

सिंघम-21

सिंघम - २१/१/२२

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम बना प्रदेश में नम्बर वन

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्पलाइन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम 656 शिकायतें निराकरण में संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 48.09 (50 प्रतिशत) 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9 (10 प्रतिशत), निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 9.49 (10 प्रतिशत), नोट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 9.47 (10 प्रतिशत), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), लंबित शिकायतों की संख्या में कमी का वेटेज 7.54 (10 प्रतिशत) तथा कुल वेटेज स्कोर 93.59 प्राप्त कर प्रदेश में नम्बंर 1 बना। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों निराकरण में नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायेदान पर बनाए रखें। स्वदेश

स्वदेश 22/1/22

# कलेक्टर के जिला टीकाकरण अधिकारियों की बैठक में निर्देश, आज शासकीय अमले को शत-प्रतिशत प्रीकॉशंस डोज लगाओं

रतलाम। जिले में शत-प्रतिशत शासकीय अमले को वैक्सीन के प्रीकॉशंस डोज शनिवार 22 जनवरी को लग जाएंगे। इसके लिए कार्यालयों में कैंप लगेंगे। इसे लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार शाम एक बैठक आयोजित की जिसमें जिला टीकाकरण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा खासतौर पर बैठक में उन विभागों पर वैक्सीनेशन फोकस करने के निर्देश दिए जहां ज्यादा संख्या में कर्मचारी हैं। इनमें महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, ग्रामीण विकास सम्मिलित है।




कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनपद पंचायत कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालयों, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर खासतौर पर विशेष कैंप की व्यवस्था शनिवार को की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर द्वारा 15 से 17 वर्ष आयु के वैक्सीनेशन की भी समीक्षा की गई। आलोट तथा पिपलोदा में गेप ज्यादा होने की जानकारी देते हुए संबंधित एसडीएम को शेष बच्चों के वैक्सीनेशन पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने उनको मरीजों को कोविड केयर सेंटर में शिफ्ट करने के निर्देश दिए जो होम आइसोलेशन में है परंतु कोविड कमांड सेंटर से फोन जाने पर फोन नहीं उठाते है।

नवभारत

नवभारत 22/1/22

तेजी से बढ़ रहा कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा

# एक दिन में 150 पॉजिटिव मरीज मिले

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

प्रदेश के अन्य जिलों की तरह रतलाम में भी कोरोना संक्रमण मरीजों की रफ्तार तेजी से बढ़ती जा रही है। तीसरी लहर में जिले में 1081 पॉजिटिव मामले पाए गए है। एक दिन का सर्वाधिक आंकड़ा गुरुवार को 150 पॉजिटिव मरीजों का आया। इसके पूर्व पिछले तीन दिनों में 100 से अधिक मरीज प्रतिदिन संक्रमित पाए गए है। इन्हें मिलाकर अभी तक पॉजिटिव मरीजों की संख्य 18 हजार 695 हो गई है, जबकि कोरोना के मृत मरीजों की संख्या 311 तक पहुंच गई है।

अधिकृत जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज से 1127 मरीजों के सैम्पल की रिपोर्ट आना शेष है। गुरुवार को 70 पॉजिटिव मरीजों को डिस्चार्ज किया गया तथा एक्टिव मरीजों की संख्या 814 है।

कोरोना के संक्रमण संदिग्ध केस की जांच 4 लाख 6 हजार 591 हो गई है। आईसोलेशन में भर्ती मरीजों की संख्या 814 है। जिले में 19 मोबाइल मेडिकल यूनिट काम कर रहे है, जो कोरोना मरीजों को पता लगाने का काम कर रहे है।

शासन-प्रशासन द्वारा लगातार दो गज की दूरी तथा मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए है, जगह-जगह राजस्व विभाग की टीमें



मास्क न लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर चालानी कार्रवाई कर रही है।

15 से 17 वर्ष की आयु के शत-प्रतिशत बच्चों का वैक्सीनेशन किए जाने का अभियान भी जिले में चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा है कि यदि किसी स्कूल या संस्थान में बगैर वैक्सीनेशन के बच्चे पाए गए तो संबंधित संस्था के विरूद्ध एफआईआर की जाएगी तथा उसके विरूद्ध धारा 188 एवं महामारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाकर प्रकरण दर्ज करवाया जाएगा। इतना ही नहीं कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक सहित सरकारी अमला शहर में निरीक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचे तथा उन्होंने भ्रमण करके मास्क नहीं पहनने के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की एवं अनेक दुकानों को 48 घंटे के लिए बंद करने के निर्देश दिए। धारा 188 में दुकानदारों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किए गए तथा दुकानों पर दो-दो हजार रुपए का जुर्माना किया गया। राहगिरों के निरीक्षण में भी मास्क नहीं पहने जाने पर नगर निगम टीम द्वारा स्पाट फाईन किया जा रहा है। प्रशासन की यह मुहिम निरंतर जारी है। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को बूस्टर डोज लगाने का अभियान में निर्धारित केंद्रों पर चल रहा है।

**आईसोलेशन मरीजों को करना होगी कॉल अटेंड**-प्रशासन ने हाल ही में विज्ञप्ति जारी की है, जिसमें कहा गया है कि कोविड कमांड सेंटर के फोन अटेंड करें अन्यथा कोविड-केयर सेंटर भेज दिए जाएंगे। जो मरीज कोरोना संक्रमित हैं और होम आईसोलेट हैं उनकी सेहत के हाल-चाल जानने के लिए जिला कोविड-कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 1075 से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार हेतु की जाती है। कलेक्टर ने बताया कि होम आईसोलेट मरीजों को कॉल किए जाने के दौरान पाया गया है कि प्रायः मरीज द्वारा फोन अटेंड नहीं किए जाते हैं अथवा फोन बंद मिलता है या मरीज द्वारा गलत नंबर दर्ज करवाए गए हैं। ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया है कि जिला कोविड- कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। यदि फोन अटेंड नहीं किया गया तो मरीज को होम आईसोलेशन के स्थान पर कोविड-केयर सेंटर भेज दिया जाएगा।


**22 जनवरी को यहां होगा टीकाकरण**-आज विभिन्न जगह टीकाकरण किया जाएगा, जिसके तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अलकापुरी कम्युनिटी हाल, काश्यप सभागृह, जमातखाना शेरानीपुरा में कोविडशील्ड टीकाकरण किया जाएगा। वहीं 18 वर्ष से अधिक उम्र के समस्त शासकीय कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों का कोविडशील्ड टीकाकरण आज न्यू कलेक्ट्रेट निर्वाचन भवन महू रोड पर होगा। पुलिस विभाग व उनके परिवारजनों का को-वैक्सीन टीका डीआरपी लाइन पुलिस अस्पताल में किया जाएगा। नगर निगम कर्मचारी व उनके परिवार का को-वैक्सीन टीकाकरण नगर निगम में, शासकीय चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अस्पताल से संबंधित कर्मचारी का कोविडशील्ड टीका जिला चिकित्सालय पूर्व एवं को-वैक्सीन का टीका जिला चिकित्सालय पश्चिम में लगाया जाएगा। वहीं 15 से 18 वर्ष के बच्चों एवं सिर्फ सेकेंड डोज वालों का को-वैक्सीन का टीका कालिका माता सभागार में लगाया जाएगा।

स्वदेश

स्वदेश २२/१/२२.

साथ मिलकर गोलीकांड के मुख्य आरोपी अकबर घोसी के मकान को नेस्तानाबूत करने की शुरुआत कर दी। फरियादी सोहनलाल राठौड़, सट्टा किंग रतनलाल खत्रीवाल और उसके बेटे राजेश खत्रीवाल के पुस्तैनी मकान पर जेसीबी का पंजा चल गया। इसके बाद पूर्व पार्षद नासिर कुरैशी के भाई एजाज कुरैशी के मकान पर भी जेसीबी का पंजा चल पड़ा। देर रात तक कार्रवाई जारी थी। इस दौरान भारी पुलिस बल कार्रवाई स्थल पर तैनात रहा।

शुक्रवार शाम करीब सवा पांच बजे भाटों का वास स्थित बालाजी नमकीन पर मौजूद सोहनलाल राठौड़ से रंगदारी करते हुए तीन बदमाशों अकबर घोसी, गोलू साबरी और अफसार ने पैसों की मांग की। आरोपियों ने चार राउंड फायर कर दिए जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को क्षेत्रवासियों के विरोध का जमकर सामना करना पड़ा था। पुलिस ने गोलीकांड के तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने प्रथम दृष्टया माणकचौक टीआई दिलीप राजोरिया, बीट प्रभारी निशा चौबे और एएसआई दिनेश मावी को तत्काल निलंबित कर दिया।



## एसपी भी पहुंचे

पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी को सूचना मिलने पर वे भी शाम को घटनास्थल भाटों का वास पहुंचे। एसपी तिवारी ने टीआई राजोरिया से मौके पर ही जवाब तलब किया। वारदात स्थल पर ही एसपी ने उन्हें फटकार भी लगाई। साथ ही आरोपियों को त्वरित रूप से गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अकबर घोसी ने इसी बालाजी नमकीन दुकान संचालक को तीन दिन पहले भी हफ्ता वसूली को लेकर धमकाया था। उसके खिलाफ इस मामले में केस भी दर्ज हो चुका था।

## जिले से किया फोर्स तलब

आरोपियों को सबक सिखाने के लिए पुलिस कप्तान गौरव तिवारी ने कलेक्टर से चर्चा की और जिले के विभिन्न थानों से फोर्स को जिला मुख्यालय तलब कर लिया। रात आठ बजते-बजते सुगबुगाहट शुरू हुई और पुलिस के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी, नगर निगम की जेसीबी, कर्मचारी, अधिकारी भाटों का वास और मोमिनपुरा में पहुंच गए। अकबर घोसी के मकान पर जेसीबी का पंजा चला। भाटों का वास पहुंची और बालाजी नमकीन वाले सोहनलाल राठौड़ और पास में रतनलाल खत्रीवाल के मकान को जेसीबी से तोड़ दिया। दुकान किराए से लेकर वहां भी सट्टा चलाने की जानकारी मिलने पर जेसीबी ने उस दुकान के आगे का हिस्सा तोड़ दिया। अमले ने पूर्व पार्षद नासिर कुरैशी के भाई एजाज कुरैशी के घर की तरफ कूच किया। एजाज के घर को खाली करवाकर जेसीबी से आगे का पूरा हिस्सा ही तोड़ डाला।

## अधिकारी रहे मौजूद

एडीएम एमएल आर्य, एएसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सीएसपी हेमंत चौहान, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, तहसीलदार गोपाल सोनी सहित निगम अधिकारी, जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्राली, डंपर आदि क्षेत्र में पहुंचाए गए थे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस फोर्स पूरी तरह तैयार रहा।

## अन्य अपराधियों की भी कुंडली खंगाल रहे

जुएं-सट्टे के कारोबार से जुड़े अन्य अपराधियों की भी कुंडली खंगाली जा रही है। क्षेत्र में करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के नाम सामने आए हैं जिन पर कार्रवाई होना है। समाचार लिखे जाने तक चार मकानों को तोड़ा जा चुका था।

## पूर्व पार्षद के परिवार ने विरोध भी किया

पूर्व पार्षद कुरैशी के भाई एजाज कुरैशी का मकान तोड़ने के लिए जैसे ही अमला पहुंचा तो उनके परिवार की महिलाएं बाहर आकर विरोध जताने लगे। भारी पुलिस फोर्स की मदद से एजाज के मकान में मौजूद महिलाओं को बाहर किया और उनके विरोध को दरकिनार कर कार्रवाई शुरू कर दी। नासिर के पांव में फ्रैक्चर होने से दो लोग उसे उठाकर बाहर लेकर आए थे। पुलिस ने वापस घर के अंदर पहुंचा दिया।

## आगे-आगे एसपी अपनी लाठी ले चले

पुलिस कप्तान गौरव तिवारी अपने पुराने अंदाज में दिखाई दिए। एजाज कुरैशी के मकान को तोड़ने के लिए अमले का नेतृत्व किया और आगे-आगे लठ्ठ लेकर उसके घर तक पहुंच गए। पुलिस कप्तान के आगे-आगे चलने से पुलिस महकमा पीछे-पीछे दौड़ लगाकर उन तक पहुंचा। पूरी कार्रवाई के दौरान पुलिस कप्तान मौके पर ही हर एक गतिविधि की निगरानी करते रहे।

## जिनके खिलाफ कई केस हैं उन नंबर आएगा

जिन लोगों के खिलाफ़ जुआ, सट्टे के कई केस पुलिस में दर्ज है उन सब के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। सारे ऐसे लोगों के रिकॉर्ड निकाल कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

**- गौरव तिवारी** पुलिस अधीक्षक रतलाम







भाटों का वास में गोलीबारी के दौरान पहुंचे एसपी








पत्रिका / 22/1/22

# अमृतसागर गार्डन कोहरे में ऐसा नजर आया, इधर मौसम विभाग ने जारी किया बारिश का ऑरेंज अलर्ट



रतलाम | ये खूबसूरत गार्डन कश्मीर या शिमला का नहीं हमारे अमृतसागर तालाब के पास का है। शहर में शुक्रवार को घना कोहरा रहा। आलम ऐसा था कि कुछ दूर भी साफ नहीं दिखाई दे रहा था। सुबह 9.30 बजे ऐसी स्थिति रही कि आधे शहर में कोहरा रहा तो आधे में धूप निकल आई। सुबह 9.30 बजे घना कोहरा शहर के बाजार क्षेत्र में दिखाई दे रहा था। लेकिन, पटरी पार के इलाकों में असर कम ही था, धूप निकली थी।

**बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है** -इधर, मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 11 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें ओलावृष्टि की आशंका जताई है। प्रदेश के इन जिलों में रतलाम भी शामिल है। हल्की से मध्यम वर्षा के आसार बने हुए हैं।

फोटो | चिंटू मेहता

## कम होने लगी ठंड

| दिनांक | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| 17 जनवरी | 25.2 | 6.2 |
| 18 जनवरी | 25.0 | 7.5 |
| 19 जनवरी | 26.2 | 7.2 |
| 20 जनवरी | 27.2 | 9.2 |
| 21 जनवरी | 28.2 | 12.2 |

**3 डिग्री बढ़ गया रात का तापमान** -शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री दर्ज किया। गुरुवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की बढ़त तो न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की बढ़त हो गई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री दर्ज किया। सुबह आर्द्रता 94 व शाम को 68 प्रतिशत रही।

भास्कर

दै. भास्कर 22/1/22

# शासकीय अमले को शत-प्रतिशत प्रीकाशन डोज शनिवार को लगेंगे

## कोविड कमांड सेंटर से फोन जाने पर फोन नहीं उठाने वालों को कोविड केयर सेंटर में करे शिफ्ट

रतलाम. जिले में शत-प्रतिशत शासकीय अमले को वैक्सीन के प्रीकॉशंस डोज शनिवार को लग जाएगी। इसके लिए कार्यालयों में कैंप लगेंगे। इसे लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार शाम एक बैठक आयोजित की जिसमें जिला टीकाकरण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने खासतौर पर बैठक में उन विभागों पर वैक्सीनेशन फोकस करने के निर्देश दिए जहां ज्यादा संख्या में कर्मचारी हैं।

ज्यादा संख्या में कर्मचारी वाले विभागों में महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग शामिल है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनपद पंचायत कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालयों, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर खासतौर पर विशेष कैंप की व्यवस्था शनिवार को की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने 15 से 17 वर्ष आयु के वैक्सीनेशन की भी समीक्षा की गई। इस दौरान आलोट तथा पिपलोदा में गेप ज्यादा होने की जानकारी देते हुए संबंधित एसडीएम को शेष बच्चों के वैक्सीनेशन पूर्ण करने के निर्देश दिए। जो होम आइसोलेशन में है लेकिन कोविड कमांड सेंटर से फोन जाने पर फोन नहीं उठाते है।

पत्रिका

पत्रिका २२/१/२२